साढ़े 3 किलो डोडा पोस्त सहित गिरफ्तार

श्रीगंगानगर, (कासं)। नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रायसिंहनगर पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 3 किलो 580 ग्राम डोडा पोस्त बरामद किया गया है।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी तेजाराम उर्फ मोटिया पहले भी नशा तस्करी के मामले में जेल जा चुका है। इस बार उसे डोडा पोस्त के साथ पकड़ा गया, जिसे वह कहीं सप्लाई करने की फिराक में था।

यह कार्रवाई थानाधिकारी कलावती चौधरी के निर्देशन में एसआई केदारलाल ने की। टीम में शामिल कांस्टेबल रविन्द्र पाल और राकेश कुमार ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। पुलिस ने मौके से डोडा पोस्त जब्त कर आरोपी को हिरासत में लिया और उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

थाना पुलिस का कहना है कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि वह मादक पदार्थ कहां से लाया और किसे सप्लाई करने जा रहा था। मामले में अन्य तस्करों की संलिप्तता से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

थानाधिकारी कलावती चौधरी ने कहा कि एसपी के निर्देशन में जिले में नशे के खिलाफ ऑपरेशन सीमा संकल्प चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी और नशा तस्करों को पकड़ा जायेगा।

'तकनीकी शिक्षा केवल डिग्री तक सीमित नहीं नवाचार में भी जरूरी'

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बताया कि कुलगुरू प्रो.अखिल रंजन गर्ग ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि तकनीकी शिक्षा केवल डिग्री तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन मूल्यों, नवाचार और शोध के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का माध्यम है। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि

■ **तकनीकी विश्वविद्यालय में ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन**

ओरिएंटेशन प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य कॉलेज में एडमिशन लेने वाले नए छात्र-छात्राओं को यहां के माहौल और नए वातावरण में सहज और समायोजित महसूस करवाना है।

यह प्रोग्राम उन नए छात्रों को अपने-अपने करियर में आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा भी देता है जिससे उनके अंदर कॉलेज के पहले दिन से ही एक आत्मविश्वास जगे। कॉलेज में दाखिला लेते ही वह अपने करियर की पहली सीढ़ी चढ़ना शुरू करते हैं। ऐसे में सही मार्गदर्शन और प्रेरणा इन छात्रों के इस शुरूआती कदम में काफी महत्वपूर्ण योगदान रखते हैं ताकि विद्यार्थियों को सुगमता मिल सके और वह नए कॉलेज के परिवेश में ढल सकें।

डीन एकेडमिक्स और प्राचार्य डॉ. वाई.एन. सिंह ने कहा कि आप सभी जीवन की उस अवस्था में हैं जहां परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प आपके भविष्य की नींव रखते हैं। शिक्षा केवल अंकों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आपके व्यक्तित्व निर्माण, सोचने की क्षमता और समाज के प्रति जिम्मेदारी को भी विकसित करती है। आज की दुनियां अवसरों से भरी हुई है। यदि आप अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाएं तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। कठिनाईयां और असफलताएं रास्ते में आयेंगी, लेकिन वही आपको और मज़बूत बनायेंगी।

ओरिएंटेशन प्रोग्राम में छात्रों को कम्युनिकेशन स्किल्स पर एक महत्वपूर्ण व्याख्यान दिया गया, जिसमें उन्हें प्रभावी संवाद के महत्व को समझाया गया। इसके बाद छात्रों ने इन्क्यूबेशन लैब का भ्रमण किया जहां उन्हें नवाचारों को स्टार्टअप में बदलने की प्रक्रिया दिखाई गई। साथ ही ई-सेल (उद्यमिता प्रकोष्ठ) के बारे में जानकारी दी गई, जिसका उद्देश्य छात्रों में उद्यमशीलता की भावना को बढ़ावा देना है।

छात्रों का डायग्नोस्टिक टेस्ट के माध्यम से ज्ञान मूल्यांकन किया गया। इसके बाद सिलेबस चर्चा के दौरान पाठ्यक्रम की संरचना और पढ़ाई के तरीकों पर प्रकाश डाला गया। दिन के अंत में छात्रों को सॉफ्ट स्किल्स जैसे नेतृत्व क्षमता, टीम वर्क और भावनात्मक बुद्धिमता के महत्व से अवगत कराया गया।

तकनीकी विश्वविद्यालय बीकानेर में आयोजित ओरिएंटेशन प्रोग्राम को कुलगुरू प्रो. अखिल रंजन गर्ग ने संबोधित किया।

बीकानेर से सूरत फ्लाइट शुरू करने की मांग

बीकानेर, (कासं)। व्यापार उद्योग मण्डल के अध्यक्ष जुगल राठी ने किंजरापु राममोहन नायडू केन्द्रीय नागरिक एवं उड्डयन मंत्री को पत्र लिखकर बीकानेर से सूरत नियमित फ्लाइट चालू करने की मांग की।

राठी ने पत्र में लिखा है कि सूरत वाणिज्यिक एवं व्यापारिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण व्यवसायिक केन्द्र है। बीकानेर सहित श्रीडूंगरगढ, नोखा, खाजूवाला, कोलायत के लगभग 50 हजार व्यापारी सूरत में निवास करते है। बीकानेर ज्वैलरी का व साडी एवं कपड़ा व्यवसाय का एक बडा केन्द्र है। सूरत सीधे फ्लाइट होने से व्यापारियों को सुविधा होगी।

बीकानेर से सूरत सप्ताह में लगभग 10 से 12 रेल की सुविधा है और लगभग 15 से 20 बसें प्रतिदिन परिवहन करती है। इनमें यात्री भार लगभग 800 से अधिक रहता है। इसके अलावा बीकानेर के काफी लोग सूरत निवास करते हैं, जो सामाजिक एवं पारिवारिक कार्यक्रमों हेतु बीकानेर आते हैं। बीकानेर से सूरत डायमंड, ज्वैलरी, कपड़ा व साड़ी के व्यवसायी आवागमन करते हैं। उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। साथ ही उपरोक्त व्यवसायियों को राहत भी मिलेगी। बीकानेर व्यापार उद्योग मण्डल आपको यह आश्वस्त करता है कि बीकानेर से सूरत फ्लाइट फुल पैक चलेगी। अत: ऑनलाइन सर्च करने पर बीकानेर से मुम्बई, दिल्ली, चैन्नई, गुहावटी और कोलकाता की फ्लाइट नजर आती है परन्तु सूरत की फ्लाइट कनेक्टिंग सूची में नहीं है।

सार-समाचार

स्वाध्याय दिवस के रूप में मनाया

पर्युषण पर स्वाध्याय दिवस कार्यक्रम को मुनि कमल कुमार ने संबोधित किया।

बीकानेर,(कासं)। पर्युषण का दूसरा दिवस स्वाध्याय दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर उग्रविहारी तपोर्ति मुनि कमल कुमार ने फरमाया कि जैसे सोने और चांदी को अग्नि स्नान से खाद रहित किया जाता है। उसी प्रकार स्वाध्याय से आत्मा को कर्म रहित बनाया जा सकता है। स्वाध्याय से एकाग्रता बढ़ती है, ज्ञान परिपक्व बनता है। ज्ञानी व्यक्ति ही औरों को ज्ञानी बना सकता है। जला हुआ एक दीपक सैकड़ों दीयों को प्रज्वलित कर देता है। ठीक उसी प्रकार एक व्यक्ति ज्ञानी होता है तो अनेक लोगों को ज्ञानी बना देता है। मुनिश्री ने स्वाध्याय दिवस पर स्वरचित गीत का संगान किया। मुनि श्रेयांस कुमार, मुकेश कुमार ने भी सामूहिक गीत का संगान किया। काफी भाई बहनों ने एकासन, उपवास, बेले, तेलों का प्रत्याख्यान किये। उर्वश्री पुगलिया, आरती सिपानी ने अठाई का प्रत्याख्यान किया। दीपिका पारख ने 9 दिनका तारा देवी बैद ने 39 दिन की तपस्या का प्रत्याख्यान किया। मुनि नमि कुमार ने 30 दिन की तपस्या का प्रत्याख्यान किया।

ऑर्थो क्लीनिक संचालक मृत मिला

बीकानेर, (कासं)। जिले के खाजूवाला में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। खाजूवाला के वार्ड संख्या 16 में स्थित एक मकान में रहने वाले युवक मौत हुई है। मृतक की पहचान श्रीगंगानगर के सादुलशहर के कालवासिया निवासी कृष्णलाल के रूप में हुई है, जो खाजूवाला में नवजीवन आर्थोपेडिक सेंटर नाम से अपना निजी क्लीनिक संचालित कर रहा था। पुलिस के अनुसार कृष्णलाल काफी समय से खाजूवाला के वार्ड नम्बर 16 में किराए के मकान में रह रहा था। पुलिस को जानकारी दी गई है। मौके पर पहुंचे सीओ अमरजीत चावला एवं पुलिस टीम ने मौका मुआयना किया और परिजनों को सूचना दी है। पुलिस को कमरे से इंजेक्शन भी बरामद हुए हैं। अभी ये पता लगाया जा रहा है कि ये इंजेक्शन किस लिए उपयोग में लिए गए हैं। पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी है। जिसके बाद उनके खाजूवाला आने का इंतजार किया जा रहा है।

पैदल यात्रियों को भोजन और दवा उपलब्ध कराने में जुटे सेवादार

बीकानेर, (कासं)। हवा संग लहराती रही 15 फीट ऊंची धर्म ध्वजाएं, पैदल यात्रियों को चाय-नाश्ता, नींबू पानी, भोजन और दवा उपलब्ध करवाने में जुटे नजर आए सेवादार। दूर-दूर सुनाई दे रहे थे खम्मा-खम्मा ओ कुंवर अजमल नै, ओ, पिछम धरां सू म्हारा पीर जी पधारिया, खम्मा खम्मा हो म्हारा रूणिचा रा धनिया, म्हारो हेलो सुनो जी रामापीर, लाछा सुगना बाई करें हर री आरती, हरजी भाटी चंवर ढूले जैसे प्रसिद्ध भजन। ये दृश्य था पूगल रोड पर लाखूसर के खेल मैदान तक पहुंचने वाले मार्ग का।

यह दृश्य केवल एक यात्रा नहीं बल्कि आस्था का अथाह सैलाब प्रतीत होता है। इस दौरान किसी संघ ने पैदल यात्रियों के लिए चाय-पानी तो किसी ने भोजन व मेडिकल तक की व्यवस्था शिविर लगाकर कर रखी थी। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिहाज से 45 किलोमीटर तक के रास्ते में पुलिस की गाड़ियां भी तेज रफ्तार वाहनों पर निगरानी रखने के लिए मुस्तैद मिली।

लोक देवता बाबा रामदेवजी के

■ **लोक देवता बाबा रामदेव के जयकारों के साथ सैकड़ों पदयात्री रूणिचा धाम**

जयकारों के साथ सैकड़ों पदयात्री रूणिचा धाम की ओर बढ़ रहे थे। उनकी सेवा के लिए स्व. गोमा देवी चमडिया चैरिटेबल फाउंडेशन ने रोटरी क्लब बीकानेर रॉयल्स के सहयोग से लाखूसर मार्ग पर शिविर लगाया गया है। यहां चाय, नाश्ते, भोजन, मोबाइल चार्जिंग से लेकर दवाईयां तक की निशुल्क सेवा लगाई गई है। सेवादार हाथ-पांवों में मालिश कर पैदल यात्रियों की थकान दूर करने में जुटे हुए हैं। फाउंडेशन के अध्यक्ष सुनील चामडिया ने बताया कि यह सेवा शिविर शोभासर चौराहे से 40 किलोमीटर दूर लाखूसर गांव के प्रमुख मार्ग पर मंगलवार से प्रारंभ किया गया है।

श्रद्धालुओं को यात्रा में थकान और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से राहत दिलाने के लिए मेडिकल टीम प्राथमिक उपचार, मरहम-पट्टी, ब्लड प्रेशर और शुगर जांच, दर्द निवारण के लिए एक्यूप्रेशर व अन्य साधनों की सुविधा भी उपलब्ध है। रात्रि भोज के लिए भी भरपूर व्यवस्था की गई है। 300 लोगों के एक साथ विश्राम करने की व्यवस्था की गई है। 15 किलोमीटर के दायरे में जल आपूर्ति के लिए 2 गाड़ियां भी लगाई गई है। कैम्प में सचिव विपिन लड्ढा, मुकेश छिंपा, संपत बाफना, यशवंत सेठिया, रोहित बिश्नोई, दीपेश छिम्पा, मनीष चमडिया, अजय, गजेन्द्र, प्रकाश छिम्पा, नितेश रंगा, नेहा चमडिया, कोमल राजपुरोहित और अंजली छिम्पा जैसे अनेक लोग सेवाएं दे रहे है। इसी के अलावा जय गणेश सेवा समिति, निस्वार्थ सेवा समिति, बाबा लंगर सेवा समिति भी पैदल यात्रियों को चाय-नाश्ता, पेयजल व भोजन उपलब्ध करवा रहा है। श्रीगंगानगर से 15 फीट की ध्वजा बाबा को भेंट करने के लिए पैदल 14 अगस्त को रवाना हुए थे।

नाले में पड़े शव को कुत्तों ने नोचा

बीकानेर, (कासं)। रेलवे स्टेशन के पास ही माल गोदाम रोड पर एक युवक का क्षत-विक्षत शव मिलने के बाद सनसनी फैल गई। शव को कई जगह से आवारा कुत्तों ने नोच लिया है। कोटगेट थाने के पास ही स्थित इस नाले में शव मिलने के बाद तुरंत पुलिस मौके पर पहुंच गई।

फिलहाल शव को पीबीएम अस्पताल के मुर्दाघर में रखा गया है। अभी मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। रेलवे के माल गोदाम रेलवे कॉलोनी के पास गंदे नाले के पास मिला शव मिला है। सूचना के बाद कोटगेट थाने के सब इंस्पेक्टर गौरव बोहरा मौके पर पहुंचे। शव कई जगह से कटा-फटा है। पुलिस को आशंका है कि या तो हत्या की गई है या फिर अन्य कारणों से मौत हुई है। दरअसल शव को पूरी तरह से कुत्तों ने नोच डाला। जिससे उसकी पहचान करना ही मुश्किल किया था। सामाजिक संस्थान खिदमतगार खादिम सोसायटी और असहाय सेवा संस्था के सेवादारों की मदद से शव को पीबीएम की मोर्चरी में रखवाया गया। शव मिलने के बाद कई सवाल खड़े हो गए हैं कि शव कहां से आया और कितना पुराना है। ये शव तीन से चार दिन पुराना है।

लालगढ़-बीकानेर के बीच दो रेलवे ट्रैक होंगे

बीकानेर, (कासं)। रेलवे क्रासिंग समस्या का समाधान करने के लिए 2 अंडरपास का काम शुरू होने के बाद अब रेलवे ट्रैक को सिंगल से डबल किया जा रहा है ताकि क्रॉसिंग बंद होने की संख्या कम हो सके। इसके लिए केन्द्र सरकार ने 278 करोड़ रूपए का बजट जारी किया है।

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस संबंध में बीकानेर के सांसद और कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल को बजट स्वीकृति का पत्र सौंपा। पिछले दिनों बीकानेर के कोटगेट और सांखला फाटक की समस्या का समाधान करने के लिए इन दोनों फाटकों के पास ही अंडरपास बनाने की स्वीकृति दी। इसके बाद बीकानेर विकास प्राधिकरण ने 32 भवनों को अवाप्त करने के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया। साठ दिन का नोटिस दिया गया है। ये काम अगले कुछ महीनों में शुरू होगा।

इसके साथ ही अब बीकानेर से लालगढ़ स्टेशन से बीकानेर के बीच रेल लाइन को सिंगल से डबल किया जा रहा है। इससे भी रेलवे क्रासिंग बंद

■ **इसके लिए केन्द्र सरकार ने 278 करोड़ रूपए का बजट जारी किया**

होने का सिलसिला कम होगा। बीकानेर में अंडरपास बनाने के लिए कुल 32 भवन अवाप्त करने के लिए नोटिस जारी किये गए हैं। अगर रेलवे ट्रैक डबल किया जाता है तो इससे कहीं ज्यादा भवनों को अवाप्त करना पड़ेगा। दरअसल सांखला फाटक और कोटगेट फाटक से सटकर भवन बने हुए हैं। इन भवनों को हटाए बिना दूसरा ट्रैक बनना संभव नहीं है।

बीकानेर रेलवे स्टेशन से लालगढ़ रेलवे स्टेशन के बीच की दूरी 11.08 किलोमीटर है। इसमें सांखला फाटक, कोटगेट फाटक, जिन्ना रोड का हिस्सा ऐसा है, जहां लोगों के मकान बने हुए हैं या फिर दुकानों के पीछे का हिस्सा है। वर्तमान में बीकानेर से लालगढ़ की ओर जाने वाली रेल के कारण कोटगेट और सांखला फाटक दिन में कई बार बंद होते हैं।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियोजन/2025/ **विज्ञप्ति** दिनांक :

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि चक 5 छोटी मुरब्बा नं. 18 किला में 21 में भूखंड माप 30'-0''X 62'-6'' Feet का आवासीय पट्टा संख्या 426 दिनांक 12.10.2012 द्वारा श्री अमरनाथ पुत्र श्री विलायती राम के नाम से जारी है। उक्त आवासीय रूपांतरित भूखंड का नामान्तरण पत्र क्रमांक नियमन/14-15/406 दिनांक 15.09.2014 द्वारा श्रीमती निर्मला पत्नी श्री अमरनाथ एवं श्री सुनील कुमार पुत्र श्री अमरनाथ निवासी वार्ड नं. 14, केसरीसिंहपुर, जिला श्रीगंगानगर के नाम से नामान्तरण पत्र जारी है। उक्त भूखंण्ड संख्या DOC-48 भूखंड माप 1875 वर्गफीट का नियमानुसार कार्यवाही उपरान्त ऑनलाईन नामान्तरण क्रमांक SGNR/FY25-26/MUT/325 दिनांक 14.07.2025 द्वारा श्री सुनील कुमार बंसल पुत्र श्री अमरनाथ बंसल एवं श्री अर्षित बंसल पुत्र श्री सुनील कुमार बंसल के नाम से नामान्तरण आदेश जारी है। चाक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 18 किला में 21 में भूखंड माप 30'-0''X 62'-6'' Feet का पट्टा संख्या 6389 दिनांक 02.08.2008 द्वारा जारी पट्टेशुदा भूखण्ड का न्यास आदेश क्रमांक नियमन/2013-2014/583-585 दिनांक 19.08.2013 द्वारा श्री अमरनाथ पुत्र श्री विलायती राम के नाम से आवासीय से व्यापसायिक भू-उपयोग परिवर्तन आदेश जारी है। चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 18 किला में 21 में 30'-0'' X 62'-6'' Feet का पट्टा संख्या 6390 दिनांक 02.08.2008 द्वारा जारी पट्टेशुदा भूखण्ड का न्यास आदेश क्रमांक नियमन/2013-2014/586-588 दिनांक 19.08.2013 द्वारा श्री अमरनाथ पुत्र श्री विलायती राम के नाम से आवासीय से व्यापसायिक भू-उपयोग परिवर्तन आदेश जारी है। उक्त दोनों वाणिज्यिक भूखंड संख्या 49 एवं 50 का यथाकुल भूखंड माप 3750 वर्गफीट का नियमानुसार कार्यवाही उपरांत ऑनलाईन नामांतरण क्रमांक SGNR-FY25-26/MUT/327 दिनांक 14.07.2025 द्वारा श्री सुनील कुमार बंसल पुत्र श्री अमरनाथ बंसल एवं श्री अर्षित बंसल पुत्र श्री सुनील कुमार बंसल के नाम से नामान्तरण आदेश जारी है। आवेदक द्वारा उपरोक्त वर्णितानुसार वाणिज्यिक भूखंड संख्या DOC-49 & 50 भूखंड माप 3750 वर्गफीट के साथ चिपते आवासीय भूखण्ड संख्या DOC-48 भूखंड माप 1875 वर्गफीट का वाणिज्यिक भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन किया है। श्रीगंगानगर मास्टर प्लान वर्ष 2017-2035 एवं जोनल प्लान में प्रश्नगत भूखंड का प्रस्तावित भू-उपयोग मिश्रित हेतु आरक्षित है। मिश्रित भू-उपयोग में वाणिज्यिक भू-उपयोज अनुज्ञेय है। राजस्थान सरकार नगरीय विकास एवं आवास विभाग जयपुर भू-उपयोग परिवर्तन नियम, 2010, अधिसूचना दिनांक 28.10.2010, दिनांक 24.02.2021, दिनांक 06.11.2024 एवं अधिसूचना दिनांक 14.10.2024 द्वारा जारी विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधिया (Development Promotion & Control Regulations) के अनुसार पट्टे लीजहोल्ड में उल्लेखित उपयोग से चाहा गया परिवर्तित उपयोग दोनों ही मास्टर प्लान / जोनल डवलपमेंट प्लान के भू-उपयोग में (DPCR) के अनुसार अनुज्ञेय (परमिटेड) उपयोग में आने एवं तकनीकी मापदण्ड पूर्ण होने के कारण विभागीय अधिसूचनाओं के तहत भू-उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही न्यास कार्यालय में विचाराधीन है। उपरोक्त वर्णित आवासीय भूखण्ड माप 1875 वर्गफीट का पुनर्गठन की शर्त पर आवासीय रूपान्तरित से मिश्रित (वाणिज्यिक) प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो यह समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर को कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते है। 15 दिवस के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा। - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

प्रारूप-10 (नियम-6(7) देखिए)

प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय नगरपालिका अनूपगढ़

क्र.: 205 **लोक सूचना** दिनांक : 20.8.2025

श्रीमती कोमल असीजा पत्नी श्री अशोक कुमार असीजा जाति अरोड़ा निवासी 1-जी-47 जवाहर नगर श्रीगंगानगर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक होटल, मोटल, टूरिज्म, रिजोर्ट (पर्यटन ईकाई) प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात :-

जिले सहित नगर का नाम	ग्राम का नाम	खसरा / मुरब्बा / किला	क्षेत्र
तहसील अनूपगढ़ जिला श्रीगंगानगर	चक 18 ए(ए), पटवार हल्का 22 ए-ए	मुरब्बा नं. 04, पत्थर नं. 309/440 का किला नं. 2/3 में 0.139 है., 7/2 में 0.177 है., 8 में 0.253 है., 9 में 0.253 है., 11 में 0.253 है., 12 में 0.253 है., 13 में 0.253 है., 14 में 0.253 है.	यथाकुल 1.834 है. यानि 18340 वर्गमीटर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 20.8.2025 को जारी की गयी। - प्राधिकृत अधिकारी व अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका अनूपगढ़

पवनपुरी में पाइपलाइन से व्यर्थ बह रहा पानी

बीकानेर, (कासं)। किसान खेती के लिए पानी को तरस रहे हैं, आन्दोलन कर रहे हैं, दूसरी ओर जलदाय विभाग की अनदेखी से पानी व्यर्थ बह रहा है और सड़कें लबालब हो रही है। शहर की पॉश कॉलोनी पवनपुरी के सेक्टर नंबर तीन में ऐसे ही हालात हैं जिससे मोहल्लेवासी परेशान हैं।

पवनपुरी में बीकानेर नर्सिंग होम के पास से गुजरने वाली तीन नंबर सेक्टर की रोड पर पिछले सात दिनों से पानी की पाइपलाइन टूटी पड़ी है। पीने का पानी घरों की बजाय सड़क पर बह रहा है। पानी की बर्बादी तो हो ही रही है, इस मार्ग से गुजरने वाले लोग भी परेशान हैं। पानी भरा होने के कारण उन्हें आने-जाने में परेशानी हो रही है। सड़क के दोनों ओर बने घरों में रहने वाले लोग परेशान हैं। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि पाइपलाइन टूटे सात दिन से ज्यादा हो गए।

जलदाय विभाग को इसकी जानकारी दी गई लेकिन किसी ने सुध नहीं ली। पवनपुरी में ही मुख्य मार्ग पर शनिश्चर मंदिर के सामने महिनों से पानी का लीकेज है। रोजाना सुबह पानी सड़क पर जमा हो जाता है जिससे आने-जाने वालों को परेशानी होती है। शनि मंदिर के सामने ही जलदाय विभाग की टंकी है। वहां तैनात कार्मिकों को भी लीकेज की जानकारी है, लेकिन आंखें मूंदे बैठे हैं।

अध्यक्ष का पद फिर से हरिकिशन जोशी ने संभाला

छत्तरगढ़, राजस्थान उच्च न्यायालय के आदेश के बाद छतरगढ़ की क्रय-विक्रय सहकारी समिति में बड़े बदलाव देखने को मिले। आदेश की पालना में हरिकिशन जोशी ने समिति के अध्यक्ष पद का पुन: पदभार संभाल लिया। इसी के साथ भीखी देवी, विमला देवी और मामराज मेघवाल ने भी सदस्य के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण समारोह के दौरान समिति परिसर में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और गणमान्य लोग शामिल हुए। भाजपा कार्यकर्ता भंवर लाल काजला, ओमप्रकाश मेघवाल, मारमखां, एडवोकेट अरविन्द काजला, एडवोकेट लक्ष्मीनारायण आचार्य, एडवोकेट विमल पारीक, आदि ने जोशी और अन्य सदस्यों का स्वागत किया।

खाजूवाला में दुकान से 5 लाख के मोबाइल चोरी

बीकानेर, (कासं)। जिले के खाजूवाला के सहू मार्केट में स्थित मोबाइल मार्केट में एक दुकान से करीब 5 लाख के मोबाइल चोरी हो गए। दुकान के शटर के ताले तोड़कर चोर अंदर घुसे और वारदात को अंजाम दिया।

यहां भावना टेलीकॉम एंड रिपेयरिंग की दुकान में चोर करीब 5 लाख रूपए के महंगे 35 हैंडसेट चोरी कर ले गए और खाली डिब्बे वही छोड़ गए। दुकानदार सुबह पहुंचा तो शटर के ताले टूटे मिले। दुकान मालिक प्रेमपाल सोखल की सूचना पर खाजूवाला थाने से एएसआई श्रवण कुमार, हैड कांस्टेबल धारासिंह मीणा व हैड कांस्टेबल खींयाराम घटनास्थल पर पहुंचे और मौका मुआयना किया।

दुकान मालिक प्रेमपाल सोखल ने रिपोर्ट दी कि देर रात 9 बजे वह अपनी दुकान बंद करके घर चले गए। फिर सुबह जब वह दुकान खोलने के पहुंचे तो ताले टूटे मिले और दुकान का शटर नीचे था। इसके बाद दुकान के अंदर सामान बिखरा हुआ पड़ा था और नए मोबाइल के डिब्बे खाली कर चोर मोबाइल चोरी कर ले गए। दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी के फुटेज में 2 संदिग्ध युवक बाइक पर नजर आ रहे हैं। चोरों ने पहले रैकी की फिर मौका देखकर महंगे मोबाइल चोरी कर खाली डिब्बे छोड़ गए।

कलेक्टर ने जनसुनवाई में अतिक्रमण हटाने सहित 171 प्रकरणों को सुना

श्रीगंगानगर, (कासं)। राजस्थान सरकार की जन भावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं, समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिये जिला स्तरीय जनसुनवाई गुरूवार को कलेक्ट्रेट के वीसी रूम में हुई।

इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुभाष कुमार ने आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई करते हुए विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध रूप से निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप पीड़ित को राहत व संतुष्टि दिलवाना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त 171 प्रकरणों पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये।

जनसुनवाई के दौरान लालगढ जाटान के वार्ड नम्बर 1 में पेयजल समस्या में कार्यवाही करने हेतु पीएचईडी अधिकारी को निर्देशित किया। वृद्धा सुन्दर देवी के भरण पोषण प्रकरण में एडीएम अनूपगढ़ को जांच कर परिवादी को जल्द से जल्द राहत प्रदान करने के निर्देश दिये। 7 एफ में अतिक्रमण को हटाने के लिये जिला परिषद एसीईओ को निर्देशित किया गया। लाधुवाली पीएचसी प्रकरण में चिकित्सक को समय पर आने, 3 वाई में पीएम आवास योजना में प्राप्त प्रकरण में पट्टा बनवाने के लिये जिला परिषद, लालगढ़ जाटान में सिंचाई विभाग की जमीन पर खेती करने व पेड़ काटने के संबंध में प्राप्त प्रकरण में एसडीएम सादुलशहर को जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए। राशनकार्ड और प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रथम किश्त के प्रकरण में जिला परिषद, पति की मृत्यु से संबंधित क्लेम प्रकरण में लाभ दिलवाने के निर्देश दिए।

गंगानगर एडीएम सुभाष कुमार ने जनसुनवाई में आमजन की परिवेदनाओं पर सुनवाई की।

■ **लालगढ जाटान के वार्ड नम्बर 1 में पेयजल समस्या के समाधान के पीएचईडी अधिकारियों को निर्देश दिए**

RIICO GROW WITH RAJASTHAN

राजस्थान सरकार का उपक्रम

RISING RAJASTHAN REPLETE • RESPONSIBLE • READY

औद्योगिक क्षेत्रों में संस्थानिक/ वाणिज्यिक/ ग्रुप हाउसिंग एवं गैर औद्योगिक भूखण्डों का

सरल ई-नीलामी के माध्यम से

आवंटन

अन्तिम 4 दिन शेष

कुल भूखण्ड	442
अस्पताल/ नर्सिंग होम/ डिस्पेंसरी	16
व्यावसायिक भूखण्ड	120
आवासीय/ ग्रुप हाउसिंग	79
वे ब्रिज	09
दुकान	161
होटल	14
पेट्रोल पम्प/ CNG स्टेशन	10
स्कूल	07
संस्थानिक	16

ईएमडी अंतिम तिथि: 25 अगस्त, 2025 (सायं 06:00 बजे)
ऑनलाईन बिड प्रारम्भ तिथि: 26 अगस्त, 2025 (प्रात: 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 28 अगस्त, 2025 (सायं 05:00 बजे)

29	आबू रोड़	07	चूरू
14	अजमेर	15	बीकानेर
10	अलवर	12	झुंझुनू
13	भिवाड़ी-I	12	भरतपुर
29	भिवाड़ी-II	04	बांसवाडा
17	घिलोठ	32	भीलवाड़ा
08	दौसा	18	नीमराना

ईएमडी अंतिम तिथि: 26 अगस्त, 2025 (सायं 06:00 बजे)
ऑनलाईन बिड प्रारम्भ तिथि: 27 अगस्त, 2025 (प्रात: 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 29 अगस्त, 2025 (सायं 05:00 बजे)

01	नागौर	21	उदयपुर
02	पाली	26	जयपुर (उत्तर)
20	झालावाड़	08	जयपुर (दक्षिण)
05	मंडोर	11	जयपुर (ग्रामीण)
09	राजसमंद	06	ईपीआईपी सीतापुरा, जयपुर
12	कोटा	14	जोधपुर
05	सीकर	06	श्रीगंगानगर
22	बोरानाडा	28	सवाई माधोपुर
26	किशनगढ़		

*25% भुगतान के बाद, शेष 75% भुगतान 11 किश्तों में 8.5% ब्याज के साथ या 120 दिनों के भीतर ब्याज रहित भुगतान

आवेदन के लिए QR कोड स्कैन करें

राज.संवाद / सी / 25 / 8545

राजस्थान स्टेट इण्डस्ट्रियल डवलपमेन्ट एण्ड इन्वेस्टमेन्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड

उद्योग भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302005

ई-नीलामी हैल्पलाइन नं. 0141-4593250, 4593237, व्हाट्सएप: +91 9001306515, ई-मेल: riico@riico.co.in

आवंटन से सम्बंधित नियमों एवं शर्तें, ईएमडी विवरण, रजिस्ट्रेशन एवं भूखण्ड से सम्बंधित जानकारी के लिए देखें

https://